तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 3 सितंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 रजत जयंती वर्षः विभागों को सौंपे गए दायित्वों ...





12 धूमधाम से मना ठाकुर जोहारनी पर्व, किया ...





B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065


## कार्रवाई : तस्कर से 13 और किसान के खेत से मिले 2 नग सागौन के लट्ठा

# मुरनार के जंगलों पर वन तस्करों की नजर, सागौन के जंगल को कर रहे साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड कोयलीबेड़ा, अंतागढ़ और दुर्गूकोंदल के जंगल ईलाके में जिधर नजर डालेंगे, उधर सागौन ही नजर आएगा। नक्सलियों की आमद कम होने के चलते विकासखंड कोयलीबेड़ा के मुरनार के जंगल में अवैध सागौन के पेड़ को कटवाकर कांकेर में सप्लाई करने वाला माफिया डोमेंद्र पुरी गोस्वामी पुलिस और वन विभाग के हत्थे चढ़ा। पुलिस ने कार्रवाई के लिए वन विभाग की टीम को सौंपा। वन विभाग कोयलीबेड़ा का अमला मुरनार में बताए गए स्थल पर पहुँचा, वहाँ से भी दो नग सागौन मिला, वहीं माफिया के पास से 13 नग सागौन मिला, नापाजोख के बाद में स्पष्ट हुआ कि 0.816 घन मीटर सागौन था। जानकारी के अनुसार वन विभाग लकड़ी तस्कर डोमेंद्र पुरी गोस्वामी पर लंबे समय से नजर बनाए हुए थी और वन विभाग ने इसे पकड़ने की योजना बनाई और इसकी जानकारी 1 सितंबर को पुलिस को दिया। पुलिस और वन विभाग ने अपने हिसाब से घेराबंदी किया, अंततः पुलिस ने संदेही वाहन को पकड़ने में कामयाब रहे, वहीं वाहन की जाँच में वाहन में सागौन लोड था। पुलिस ने उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाने के उपरांत वाहन को वन विभाग को कार्रवाई के लिए सौंप दिया। वन विभाग की मानें तो वाहन क्रमांक सीजी 04 जेबी 0005 तवेरा में 13 नग सागौन का लठ्ठा को अवैध परिवहन कर रहा था। वन विभाग ने कड़ाई से पूछताछ किया तो तस्कर ने बताया कि कोयलीबेड़ा के मुरनार से किसान के पास से लाएं और अभी भी किसान मुरनार निवासी विनेश मंडावी के खेत में दो लठ्ठा पड़े हुए है, तवेरा में नहीं आने के कारण वहीं पर छोड़ दिया था।

### खास बातें

- वन विभाग चार साल से बनाए हुए था वन तस्कर पर नजर पहली बार पकड़ाया
- स्थानीय स्तर पर संलिप्त लोगों की उगलवा रहे नाम, कई जगह हुई तलाशी



मुरनार में किसान के खेत में मिले दो लठ्ठा सागौन



वाहन से सागौन के लठ्ठा को कर्मचारी उतारते हुए



तस्कर के पास से जप्त सागौन के 13 लठ्ठा

### वन विभाग को लगातार कर रहा गुमराह

सागौन की तस्करी करने वाला तस्कर डोमेंद्र पुरी गोस्वामी वन विभाग को बीती रात से गुमराह कर रहा है। वन विभाग यह लकड़ी को किसके पास पहुँचाने के फिराक में था, उसकी जानकारी सही ढंग से नहीं दे रहा है। उसके द्वारा जो जानकारी अभी तक दी गई, उस पर की गई जाँच में सब झूठ पाया गया। वन विभाग कांकेर के जो भी तस्कर इस खेल में शामिल है, उनके चेहरों को उजागर करने के फिराक में है।

### चार साल से थी तलाश पहली बार पकड़ाया

कांकेर वन परिक्षेत्र के परिक्षेत्र अधिकारी धनलाल साहू ने बताया कि इसकी तलाश चार साल से थी, परंतु कभी पकड़ाया नहीं। विभाग का पुराना रिकार्ड खंगाला गया है, परंतु एक बार भी पीओआर नहीं कटा है। तस्कर बहुत ही शातिर है और पहली बार हत्थे चढ़ा है। पूछताछ की जा रही है, स्थानीय तस्कर जो इसके साथ संलिप्त है, उसकी पतासाजी की जा रही है।

### मूरनार गांव उदनपुर पंचायत का आश्रित ग्राम

विकासखंडकोयलीबेड़ा के उदनपुर ग्राम पंचायत का आश्रित ग्राम मूरनार है, यह गाँव अतिसंवेदनशील है। माओवादियों के बैकफुट होने का लाभ अब लकड़ी तस्कर उठा रहे है और मुरनार से रात को सागौन की लकड़ी की तस्करी में मुरनार के युवा शामिल हो रहे है। जाँच के बाद इस मामले में और भी खुलासे हो सकते है।

## खबर संक्षेप

### अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया कोचिया



कांकेर। बड़गांव थानांतग्रत बडेपराली निवासी रसिंग टेकाम के कब्जे से पुलिस ने अंग्रेजी शराब का जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी नरसिंग टेकाम 1 सितंबर को अपने कब्जे में 4 नग आइकान प्रीमीयम व्हिस्की और 2 नग सिम्बा बियर को अवैध रूप से रखा हुआ था और उसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से शराब को जब्त कर धारा 34 (34) (ए) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### ट्रैक्टर चालक के खिलाफ किया गया अपराध दर्ज



कांकेर। बांदे थानांतर्गत ट्रैक्टर में दबने से मौत होने के प्रकरण में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 29 जुलाई को दोपहर 3 बजे कराकोदा निवासी 36 वर्षीय सोमजी उसेण्डी पिता स्व. कुसिया राम उसेण्डी खेत में रोपा लगाने के लिए ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएफ 5917 को चालक पीव्ही 83 गोविंदपुर निवासी 33 वर्षीय अजय देवनाथ पिता बिरेन्द्र देवनाथ द्वारा खेत में रोपाई की जा रही थी। रोपाई करते समय ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से सोमजी उसेण्डी की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक अजय देवनाथ के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### इलाज के दौरान युवक की मौत, मर्ग कायम

कांकेर। थाना कांकेर अंतर्गत धुरिया निवासी 26 वर्षीय अजीत कुमेशी का इलाज के दौरान 6 जून को जिला अस्पताल रायपुर में मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक को इलाज के लिए भर्ती किया गया था, जिसका इलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## राहुल गांधी और तेजस्वी के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल में भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान जमकर नारेबाजी की और दोनों नेताओं के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया।

दुर्गुकोंदल भाजपा मंडल के मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो, महामंत्री शकुंतला नरेटी एवं रामचंद्र कल्लो के नेतृत्व में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत माता के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे महागठबंधन नेताओं की अभद्रता करार देते हुए माफी की मांग की। ऐसे विरोध प्रदर्शन हाल ही में देश के अन्य हिस्सों में भी देखे गए हैं, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और आरजेडी नेताओं की टिप्पणियों पर कड़ा विरोध जताया है। इस अवसर सियाराम जैन, अशोक जैन, पीलम नरेटी, इसु आरदे, फूलसिंह मंडावी, रामलाल जैन, जवाहर ठाकुर, तुलसी मतलामी, बलराम टेपरिया, सियाराम मंडावी, रघुनाथ मंडावी, कृष्णा पटेल, भगवान गावड़े, मनोज दुग्गा, ▶▶| शेष पेज 10 पर

## हर ग्राम पंचायत के लिए हुआ क्यूआर कोड जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। शासन के निर्देशानुसार जिलेभर के सभी ग्राम पंचायतों के लिए एक क्यूआर कोड प्रणाली का शुभारंभ किया गया। इस अभिनव पहल के तहत ग्राम पंचायत भवन में क्यूआर कोड चस्पा किया जा रहा है। क्यूआर कोड को अपने मोबाइल फोन से स्कैन कर सकेंगे। ऐसा करते ही उन्हें पिछले तीन वर्षों के दौरान उनकी पंचायत में हुए मनरेगा के सभी कार्यों का विस्तृत विवरण और उस पर खर्च हुई धनराशि की पूरी जानकारी तुरंत मिल जाएगी। इसके साथ ही ग्राम पंचायत की मनरेगा अंतर्गत विगत तीन वर्षों की मूलभूत जानकारी कुल जाब कार्डधारी, सक्रिय जाब कार्ड की संख्या, 100 दिवस पूर्ण किए जाब कार्डधारियों की संख्या के साथ, विगत तीन वर्षों में कुल सृजित मानव दिवस एवं कुल व्यय राशि की जानकारी भी मिल पाएगी। यह पहल प्रौद्योगिकी का उपयोग करके शासन में पारदर्शिता लाने के प्रयासों का हिस्सा है। प्रत्येक ग्रामीण को यह पता हो कि मनरेगा के तहत उनके गांव में ▶▶| शेष पेज 10 पर




- मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता के लिए नई पहल



## दुर्गूकोंदल अंचल में ठाकुर जोहरनी पर्व मनाया गया

दुर्गूकोंदल। अंचल के गांव-गांव में नवाखाई के दूसरे दिन ठाकुर जोहरनी पर्व मनाया गया। गांव के लोग ग्राम गायता के घर जाकर भेंट किया। गायता से भेंट कर गांव के सुख समृद्धि की चर्चा किया। सभी गांवों के गायता ने गांव के लोगों को आपसी भाईचारा के साथ रहने को कहा। दुर्गकोंदल, सुखई, कोदापाखा, बांगाचार, चाहचाड़, खुटगांव, भंडारडिगी, डांगरा,राऊरवाही, सिवनी,करामात,भडारडिगी , दमकसा हानपतरी मेडो,हाटकोदल डुवा सहित पूरे गांव में ग्रामीणों गायता से भेंट किया और आशीर्वाद लिया। गायता जोहरनी के अवसर पर सभी गांवों में हुल्की नृत्य का शुभारंभ किया। ग्राम सटेली में गायता के घर सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समुदाय द्वारा उपस्थित होकर पारंपरिक वेशभूषा से सुसज्जित होकर गांव की समस्त लया, लायोर, माताएं, बच्चे, बुजुर्ग एवं ग्राम प्रमुखों की अगुवाई में बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। गायता व पटेल द्वारा पूरे विधि विधान पूर्वक ठाकुर जोहारनी पूजा किया गया। समाज के लोगों द्वारा पारंपरिक मांदरी नृत्य व रेला पाटा नृत्य किया गया। ग्राम बरगांव में भी ठाकुर जोहारनी का पर्व मनाया गया।

## नपं पखांजूर के वार्ड 12 में लगी भीषण आग, शॉर्ट सर्किट से घर जलकर हो गया खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



- घर में मौजूद लोगों ने भागकर बचाई जान

नगर पंचायत पखांजुर के वार्ड क्रमांक 12 में सोमवार की रात को लगभग साढ़े 9 बजे के आसपास शार्ट सर्किट से लाग लगने से गौतम विश्वास का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना के समय घर में मौजूद परिवार के सदस्यों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई, लेकिन घर का सारा सामान, नगदी और जरूरी दस्तावेज आग की भेंट चढ़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई, लेकिन जब तक आग बुझती, तब तक सब कुछ जल चुका था। पीड़ित परिवार गौतम विश्वास और घर के अन्य सदस्यों ने बताया कि हम लोग खाना खाकर सभी लोग घर में थे, पता नहीं कहां से चिंगारी फैली और कैसे आग लगी, समझ में नहीं आया। इस आगजनी में मेरा लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। पड़ोसियों ने फायर बिग्रेड को भी काल किया और स्थानीय स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, परंतु तब तक घर का सारा समान जलकर खाक हो गया। उन्होंने प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहायता और पुनर्वास की मांग किया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया है। नुकसान का आंकलन किया जा रहा है और जल्द ही सरकारी मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया गया है।

## ठीक से वाहन चलाने की बात करना पड़ा मंहगा, तीन युवकों ने की पिटाई

कांकेर। दुर्गुकोंदल के शराब भट्टा के पास बोलेरो वाहन को बाइक में सवार तीन युवकों ने रूकवाया और गाड़ी को देखकर चलाने की बात कहते हुए पिटाई कर दी। मारपीट का शिकार हुए युवक ने तीनों युवकों के खिलाफ दुर्गुकोंदल थाना में शिकायत किया। जिस पर तीनों आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया। दुर्गुकोंदल थाना में शिकायत करने पहुंचे सोनेकन्हार निवासी 27 वर्षीय तेज सिंह नुरूटी पिता सोहन नुरूटी ने पुलिस को बताया कि मैं 1 सितंबर को अपने



चाचा बंशीलाल नुरूटी के साथ रात करीबन 7 बजें बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूके 1968 से ग्राम चाहचड़ जा रहे थे। दुर्गुकोंदल शराब भट्टी के पास पहुंचने पर रात करीबन पौने 8 बजे मेरे बोलेरो वाहन के सामने हानपतरी निवासी जोहन गावड़े अपनी मोटर सायकल को लाकर खड़ा करते हुए हमारी बोलेरो को रोक दिया। आरोपी जोहन गावड़े, घनश्याम गावड़े व उनके एक साथी ने मेरा कालर पकड़कर मुझे गाड़ी से बाहर ऊतारकर बोलने लगा कि तुम कैसी बोलेरो चलाते हो, सड़क का पानी मेरे ऊपर छिटक गया, तेरे को देखकर गाड़ी ▶▶| शेष पेज 10 पर

## सार्वजनिक स्थान पर हुल्लड़बाजी करने वाले चार युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सार्वजनिक स्थान पर हो हल्ला करते हुए हुल्लड़बाजी करने की खबर मिलने पर कोतवाली पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार करते हुए शांति भंग करने के अंदेशा पर कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र में दिन में पैदल, बाइक एवं रात्रि गस्त पेट्रोलिग बढ़ाकर लड़ाई-झगड़ा, शराबियों, नशेड़ी, गजेड़ियो,नशीली पदार्थ का सेवन कर उत्पात करने वाले असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखने एवं जुआ-सट्टा पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। गश्त पर निकली पुलिस को हाटकोंगेरा से जानकारी मिली कि कुछ युवक सार्वजनिक स्थल पर हुल्लड़बाजी करते हुए गांव के माहौल को खराब कर रहे है। खबर मिलते ही मौके पर पुलिस पहुँची और हुल्लड़बाजी करने वाले हाटकोंगेरा ▶▶| शेष पेज 10 पर



### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

हुल्लड़बाजी करने वालों पर कार्यवाही करने में थाना प्रभारी मनीष नागर, प्रधान आरक्षक ओम प्रकाश कृषान, प्रधान आरक्षक सत्यप्रकाश सिंह, आरक्षक में राकेश लकड़ा, अनिल मरकाम, सक्ती सिंह, रामरतन निषाद, विनोद साहू की भूमिका रही।

## पीएम मोदी की स्वर्गीय माता के अपमान से भाजपाइयों में नाराजगी

# भाषा की मर्यादा खोते जा रहे है कांग्रेसी नेता जल्द ही बिहार की जनता देगी जवाबः आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वर्गीय माता के अपमान पर भाजपा में काफी नाराजगी है। इस मुद्दे को लेकर कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कहा है कि कांग्रेस और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी बिहार में दरभंगा को एक सभा में जिस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति कांग्रेस और राजद की जनसभा में बिलो द बेल्ट जाकर अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग प्रधानमंत्री के सर्वोच्च पद पर बैठे पीएम मोदी व उनकी स्वर्गस्थ माताजी को लेकर किया गया और मंच से गाली-गलौज की गई, उसका पूरा देश कड़ी निंदा कर रहा है। कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि लोकतांत्रित देश में अपने विरोधियों के प्रति इस तरह अभद्र व अपशब्दों का प्रयोग नहीं किया जाता, जैसा भारत के विपक्षी दल कर रहे हैं। समय-समय पर कांग्रेस के अन्य नेताओं के भी मुख से इस तरह की अभद्र भाषा बोली गई है। उन्हें सोनिया गांधी ने मौत का सौदागर बताकर इस अभद्रता की शुरुआत की और अब वह इस निम्न स्तर पर आ पहुंची है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछड़ा वर्ग से आते हैं और उनकी जाति का अपमान करने को दृष्टि से राहुल गांधी और कई बार उनके नेताओं ने अपमानजनक बातें कहीं। हाल ही में एक सभा में राहुल गांधी ने ▶▶| शेष पेज 10 पर

### मोदी विरोध के चक्कर में देश का कर रहे विरोध

विधायक श्री नेताम ने कहा कि इस तरीके से कांग्रेस द्वारा जो समय-समय पर बिलो द बेल्ट जाकर और अपशब्दों का जिस तरीके से प्रयोग किया जा रहा है, उससे कांग्रेस के नेता आने वाली पीढ़ी को क्या संदेश दे रहे हैं। साफ-सुथरी, स्वच्छ, पारदर्शी राजनीति को परिचय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है, उसकी कल्पना तो कांग्रेस कभी कर ही नहीं सकती। पीएम मोदी का विरोध करते-करते ऐसे कई अवसर आए हैं, जब विपक्षी नेताओं ने देश का विरोध करना प्रारंभ कर दिया। देश की सेना, संवैधानिक संस्थाओं उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय, चुनाव आयोग से लेकर किसी भी संवैधानिक संस्थाओं को लेकर विपक्ष देश में विश्वास का संकट पैदा करके विदेशी ताकतों के इशारे पर अराजकता के अपने एजेंडे पर अमल कर रहा है। राजनीति का यह ट्रेंड राजनीति को कलुषित और दूषित करने का काम लगातार कर रहा है। यह अत्यंत निंदनीय है।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### सांसद पी. संतोष आज आएंगे कोण्डागांव प्रवास पर

**कोण्डागांव।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय नेता एवं राज्य सभा सदस्य केरल पी. संतोष कुमार 3 सितम्बर 2025 पहली बार कोण्डागांव जिले में पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सीपीआई



जिला परिषद् के सचिव शैलेष ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि सांसद पी. संतोष कुमार का आगमन बुधवार को दोपहर बाद लगभग 2 बजे जिला मुख्यालय में होगा। राज्य प्रभारी के रूप में पहली बार जिले में आगमन की खबर से कार्यकर्ताओं में उत्साह है। सीपीआई कार्यकर्ता उनका स्वागत सरहद ग्राम घोड़ागांव से करेंगे। मोटरसाइकिल रैली निकालते हुए लाल झण्डों के साथ जिला मुख्यालय तक लाएंगे। सांसद पी. संतोष कुमार 4 सितम्बर की दोपहर तक कोण्डागांव में रुकेंगे। प्रवास के दौरान वे सीपीआई जिला परिषद् सदस्यों की बैठक लेंगे। बैठक में पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ–साथ जिलेवासियों की गंभीर समस्याओं पर भी चर्चा की जाएगी।
सीपीआई जिला परिषद् के सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्याओं पर यदि समय रहा तो सांसद जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से भी चर्चा कर सकते हैं।
कोण्डागांव प्रवास के बाद कामरेड पी. संतोष कुमार 4 सितम्बर की दोपहर में नारायणपुर जिले के लिए रवाना होंगे।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत भण्डारीपारा निवासी 65 वर्षीय सावंत पोया ने 1 सितंबर को सुबह 6 बजें फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। भण्डारीपारा कांकेर निवासी 36 वर्षीय सतीश पोया ने पुलिस को बताया कि मृतक अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवचेना में लिया है।

### आपदा पीड़ितों के लिए अंशदान

**दंतेवाड़ा।** विगत सप्ताह अचानक आई बाढ़ से काफी घरों को नुकसान पहुंचा। इस प्राकृतिक आपदा को देखते हुए हाई स्कूल आवराभाटा प्राचार्य सुनीता गोस्वामी ने बचाव व राहत कार्य के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत को 21000 की राशि चेक स्वरूप प्रदान किया है। इस मौके पर कलेक्टर ने अंशदान सहयोग राशि के लिए श्रीमती गोस्वामी का जिला प्रशासन द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सुशांत सज्जल स्मृति जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता होगी 7 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

पूर्व राज्य स्तरीय फुटबॉल खिलाड़ी स्वर्गीय सुशांत सज्जल की स्मृति में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता 7 सितम्बर से आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता को लेकर हाल ही में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

यह प्रतियोगिता नॉक–आउट पद्धति पर आधारित होगी। हर मैच निर्णायक होगा और विजेता टीम को ही अगले दौर में प्रवेश मिलेगा। इस कारण खिलाड़ियों में अतिरिक्त रोमांच और दर्शकों में उत्साह देखने को मिलेगा। प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता टीम को नकद पुरस्कार एवं सम्मान पत्र प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति का कहना है कि इस पुरस्कार राशि से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा की भावना और अधिक प्रबल होगी तथा वे अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। सभी मैच फीफा के नियमों के अनुसार खेले जाएंगे। नॉक–आउट दौर के मैचों का समय निर्धारित सीमा के अनुसार होगा। निर्णायक का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य माना जाएगा।

## बोरगांव में फुटबॉल का महाकुंभ, नॉक-आउट फॉर्मेट में होंगे मुकाबले

### खिलाड़ियों के पंजीकरण की प्रक्रिया अनिवार्य

प्रतिभागी टीमों को अपने खिलाड़ियों के नाम, फोटो और आधार कार्ड के साथ एक निर्धारित प्रपत्र में प्रतियोगिता शुरू होने से एक दिन पहले जिला फुटबॉल संघ में जमा करना होगा। जिला स्तर पर पंजीकरण पूरा करने वाले खिलाड़ियों को ही खेलने की अनुमति होगी। आयोजन समिति ने स्पष्ट किया है कि खेल के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना या अनहोनी की जिम्मेदारी खिलाड़ियों की स्वयं की होगी। फुटबॉल क्लब बोरगांव की आयोजन समिति ने यह भी कहा है कि प्रतियोगिता के दौरान किसी भी प्रकार के बदलाव का अधिकार समिति के पास सुरक्षित रहेगा।



### खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए होगा यादगार अनुभव

आयोजन समिति को उम्मीद है कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को बेहतर अनुभव प्रदान करेगी और दर्शकों को भी शानदार खेल का आनंद मिलेगा। बोरगांव में होने वाला यह आयोजन खेल प्रतिभाओं को निखारने और जिले में फुटबॉल की लोकप्रियता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

बिहार के दरभंगा में आयोजित सभा में पीएम मोदी को दी थी गाली

# युवा मोर्चा ने कांग्रेस नेता का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बिहार के दरभंगा में आयोजित एक सभा में कांग्रेस नेता नेक मोहम्मद रिसवी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मां की गाली देने से पूरे देशभर में आक्रोश व्याप्त है। इस अपमानजनक बयान के विरोध में गांधी मैदान में भारतीय जनता पार्टी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा ने विरोध प्रदर्शन किया गया और कांग्रेस नेता का पुतला दहन किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं। उनके खिलाफ इस तरह की अभद्र भाषा का इस्तेमाल करना कांग्रेस की ओछी मानसिकता और हताशा का प्रमाण है।



यह सिर्फ़ प्रधानमंत्री का नहीं बल्कि हर भारतीय का अपमान है, जिसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस को तुरंत अपने नेता के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, अन्यथा जनता कांग्रेस को कभी माफ़ नहीं करेगी।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कैलाश सोनकर ने कहा कि कांग्रेस नेता का यह बयान भारत की संस्कृति और परंपरा पर हमला है। भारत में मां का स्थान सर्वोच्च है। प्रधानमंत्री को मां की गाली देना भारत माता का अपमान करना है। युवा मोर्चा इस गंदी राजनीति का डटकर विरोध करेगा और यदि कांग्रेस ने ऐसे नेताओं पर कार्रवाई नहीं की, तो हम सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

धरना प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस की यह भाषा राजनीति में गिरते स्तर का प्रतीक है। भारतीय जनता पार्टी और युवा मोर्चा कांग्रेस की इस मानसिकता को जनता के बीच उजागर करेंगे और लोकतांत्रिक तरीक़े से इसका जवाब देंगे।

मौके पर महामंत्री राकेश साहू, पूर्व महामंत्री अविनाश दुबे, राजीव सिन्हा, विजय मोटवानी, पवन गजपाल, विजय साहू, जय हिंदूजा, सूरज शर्मा, भागवत साहू, विनय जैन, डीपेंद्र साहू, धनीराम सोनकर, देवेश, अग्रवाल, धन्नू साहू, भेषकुमार साहू, वेदप्रकाश साहू, बिशन निषाद, मिथिलेश सिन्हा, आयुष दीवान, राम सोनी, अखिलेश सोनकर, हेमंत बंजारे, अभिषेक शर्मा, सुभाष चंद्राकर, दुष्यन्त सिन्हा, रिंकू सेन, देवेश साहू , दानू साहू, रोशनपुरी गोस्वामी, विजय ठाकुर, अतुल साहू, राघवेंद्र साहू, लोकेश टंडन समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नवा खाई अवकाश पर चावरा स्कूल का इनकार, उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बस्तर की परंपरा और आस्था से जुड़े नवा खाई पर्व पर जिला प्रशासन ने हर वर्ष की तरह इस बार भी 2 सितम्बर को अवकाश घोषित किया था, ताकि विद्यार्थी और परिवारजन इस पर्व को धूमधाम से मना सकें।

- जिला प्रशासन ने घोषित किया था अवकाश

चावरा स्कूल ने प्रशासनिक आदेश की अनदेखी करते हुए इस दिन कक्षाएं संचालित कीं। इससे ग्रामीणों और अभिभावकों में रोष देखने को मिला।

विद्यालय की प्राचार्या एसआर सिसलिया ने बताया कि नवा खाई का अवकाश 3 सितम्बर को रखा गया है। उनका कहना है कि इस संबंध में कलेक्टर से फोन पर चर्चा की गई थी, हालांकि लिखित अनुमति नहीं ली गई। जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान ने स्पष्ट कहा कि शासन द्वारा घोषित अवकाश का पालन सभी विद्यालयों को करना अनिवार्य है। केवल फोन पर बातचीत अनुमति नहीं मानी जाएगी।



### सांस्कृतिक अस्मिता पर चोट

सर्वआदिवासी युवा प्रभाग के जिलाध्यक्ष यतीन्द्र सलाम छोटू ने कहा कि यह घटना केवल प्रशासनिक आदेश की अवहेलना नहीं, बल्कि बस्तर की सांस्कृतिक अस्मिता का भी अपमान है। उनका आरोप है कि धार्मिक पक्षपात के कारण स्थानीय परंपराओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ऐसे रवैये जारी रहे तो बच्चों का अपनी संस्कृति से नाता कमजोर होगा और सामाजिक समरसता पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

# अध्यक्ष कोमल, सचिव नरेंद्र चुने गए

- झिरिया साहू समाज दानीटोला परिक्षेत्र का हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

झिरिया साहू समाज दानीटोला परिक्षेत्र का चुनाव हुआ। अध्यक्ष पद के लिए मुख्य मुकाबला कोमल साहू और संगम कुमार साहू के बीच हुआ। कोमल साहू को 57 और संगम कुमार साहू को 53 मत मिले। कोमल 4 मतों से विजयी रहे। उपाध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में थे। डॉ. उमाशंकर साहू 20, मतेश्वर साहू 37 और कोमल उर्फ अशोक साहू को 50 मत प्राप्त हुए।

चित्ररेखा साहू उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुईं। सचिव पद के लिए नरेंद्र साहू 52 मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 18 मतों से विजयी रहे। प्रकाश साहू को 34 और





रामबिलास साहू को 22 मत मिले। हुलसी साहू सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव में 114 मतदाताओं ने भाग लिया।

इस दौरान डॉ. रामकुमार साहू, बंशीलाल साहू, मदन साहू, विमल साहू, कैलाश साहू, राजू साहू, श्रीमती रंजना साहू, संगम साहू, मतेश्वर साहू, श्रीमती कलेंद्री साहू, चोवाराम साहू, हरीश साहू, बृजेश साहू, संतोष साहू, पवन साहू और दुर्गेश साहू मौजूद थे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के विकास और कल्याण के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला संघ साहू संघ द्वारा आयोजित तीज महोत्सव में शानदार नृत्य की प्रस्तुति देने पर प्रतिभागी मातृशक्तियों को साड़ी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# छग टीचर्स एसोसिएशन ने किया जेडी कार्यालय का घेराव

## एक सप्ताह के अंदर शिक्षक ई संवर्ग की पदोन्नति माध्यमिक शाला प्रधानपाठक में करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रायपुर संभाग में शिक्षक संवर्ग ई एवं टी की पदोन्नति माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर विगत 3 वर्षों से न होने पर सैकड़ों शिक्षकों ने संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर का घेराव किया।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू ने बताया कि शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। जेडी ने एसोसिएशन के प्रतिनिधि मण्डल को चर्चा के लिए बुलाया। चर्चा के दौरान प्रतिनिधि मण्डल ने शिक्षक एलबी संवर्ग ई एवं टी की पदोन्नति शीघ्र करने सहित सहायक शिक्षकों की पदोन्नति शिक्षक के पद पर करने व पदोन्नति की प्रक्रिया में





ओपन कॉउन्सिलिंग करने, रायपुर संभाग के शिक्षकों को 3 वर्षों का पेपर सीनियारिटी प्रदान करते हुए पदोन्नति देने की मांग प्रमुखता से रखी गई जिस पर जेडी संजीव श्रीवास्तव ने एक सप्ताह के अंदर ई संवर्ग की पदोन्नति का टाइम टेबल जारी करने सहित सभी मांगों को शीघ्रता से पूर्ण करने का भरोसा दिया। मांगें पूर्ण नहीं होने पर प्रतिनिधि मंडल ने आगे उग्र आंदोलन करने का अल्टीमेटम दिया है।

घेराव कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र पारिक, सविता छाटा, प्रांतीय पदाधिकारी शोभासिंह देव, योगेश ठाकुर, जितेंद्र मिश्रा, अंजुम शेख, सुखनन्दन साहू, पूर्णानंद मिश्रा, केशवराम साहू, यशवंत बघेल, पूरनलाल साहू, विनोद सिन्हा, जिलाध्यक्ष धमतरी डॉ भूषणलाल चंद्राकर, हरीश दीवान, गोपाल वर्मा, शैलेन्द्र कौशल, दिनेश साहू, रमेश यादव, गेवाराम नेताम, कैलाश सोन, बलराम तारम, नंद कुमार साहू, जितेन्द्र सोनवानी, प्रदीप वर्मा, खिलावन वर्मा, विनोद यादव, महेन्द्र चौधरी, अतुल शर्मा, कन्हैया कंसारी, टिकेशवरी साहू, विभा सिंह समेत बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

# नई फसल का स्वागत करते हुए मनाया नवा खाई एवं ठाकुर जौहरनी का त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर

ग्राम कोकानपुर में सर्व आदिवासी समाज द्वारा नई फसल का स्वागत करते हुए नवा खाई एवं ठाकुर जौहरनी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम समाज द्वारा नई फसल को अपने ईष्ट देवी, देवताओं को अर्पण कर प्रसाद वितरण किया। दूसरे दिन ठाकुर जौहरनी का कार्यक्रम गायता एवं मंडावी परिवार पटेल निवास में एकत्रित होकर एकजुटता एवं भाईचारे का संदेश दिया एवं नए अन्न से बने पकवानों को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया, जिसके बाद सभी ने सामूहिक भोज का आनंद लिया। कोकानपुर में सर्व आदिवासी समाज द्वारा नवा खाई एवं ठाकुर जौहरनी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने एक दूसरे को नवाखाई पर्व की शुभकामनाएं देकर मनाया गया। ग्राम पटेल माखन मंडावी ने बताया कि यह परंपरा सिर्फ एक त्योहार मानने तक सीमित नहीं है। बल्कि यह सभी लोगों को आपस में जोड़ने अपनापन बढ़ाने और अगली पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने का माध्यम है। इस दौरान सभी ने एक दूसरे का सुख दुख साझा किया, जिसमें आपसी प्रेम और सौहाद्र का संदेश देखने को मिला।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर ग्राम पटेल माखन मंडावी, उपसरपंच योगीता राघवेंद्र राजपूत, गायता लखन टेकाम, वरिष्ठजन चैतुराम कांगे,रोहिदास कांगे,घसिया कांगे, दिलीप मंडावी,नरसिंह कुमेटी, वासु मंडावी, अवध मंडावी, देशी राम भूयार, मोहन मंडावी, रेशम टेकाम, प्रीतम टेकाम, हीरालाल नेताम, सोमन कांगे, चन्द्र शेखर मंडावी, राजेश कांगे, गोविंद टेकाम, सिया कांगे, भूषण जैन, विनोद यदु, मुरली यादव, महेश यादव, पीयूष नरेटी सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### एलुमिनी मीट पूर्व छात्र-छात्राओं को जोड़ने का सशक्त माध्यम

**धमतरी :** रजत जयंती वर्ष पर एलुमिनी मीट का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली में किया गया जिसमें पूर्व छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्रभारी प्राचार्य एलएन साहू ने कहा कि विद्यालय जीवन में जो अनुशासन, समय का पाबंद व अपनी शिक्षकों की आज्ञा का पालन करता है, वही विद्यार्थी एक नई मंजिल को प्राप्त करता हे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेशप्रसाद साहू ने कहा कि शिक्षक, पालक और विद्यार्थी के समन्वय से ही विद्यालय का विकास संभव होगा। विद्यार्थी, शिक्षक की सबसे बड़ी पूंजी है।

# जिले के म्यूथाई खिलाड़ियों ने 3 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीते





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विवेकानंद मार्शल आर्ट फिटनेस क्लब देवेंद्र नगर रायपुर में राज्यस्तरीय ओपन इंटरक्लब चैंपियनशिप हुई जिसमें विभिन्न जिलों के 150 से अधिक बालक-बालिका सम्मिलित हुए। दुर्गेश पटेल, आशीष गौतम, तन्मय निर्मलकर एवं खुशबू ध्रुव ने धमतरी जिले का प्रतिनिधित्व किया। दुर्गेश पटेल ने सेमीफाइनल में रायपुर के खिलाड़ी को हराकर फाइनल में बालोद के खिलाड़ी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 (नॉक आउट) से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। आशीष गौतम ने सेमीफाइनल में बालोद के खिलाड़ी को पटखनी दी। फाइनल में बलौदाबाजार के खिलाड़ी को रोमांचक डिसाइडर मैच में 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। तन्मय निर्मलकर ने भी सेमीफाइनल में रायपुर के खिलाड़ी को हराते हुए फाइनल में बलौदा बाजार के खिलाड़ी को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। खुशबू ध्रुव ने क्वार्टर फाइनल में बालोद के खिलाड़ी को हराकर सेमीफाइनल तक का सफर तय किया और रायपुर की खिलाड़ी से हारकर कांस्य पदक अर्जित किया। जिले के म्यूथाई खिलाड़ियों ने 3 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीते। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि धमतरी के युवा खिलाड़ियों ने जिस लगन और परिश्रम से राज्य स्तर पर सफलता अर्जित की है, वह जिले के लिए गर्व का विषय है। जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी ने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। इस उपलब्धि पर प्राचार्य श्रीमती बी. मैथ्यू, सहायक खेल अधिकारी जगतपति देव, धमतरी म्यूथाई क्लब के तामेश साहू, उदय यादव, सीताराम यादव, यामिनी मीनपाल, वीरेंद्र मीनपाल, हिमांशु सोनी, अर्पित सोनकर, हर्ष सोनकर, नम्रता साहू, रिया मोरे, देवेंद्र यादव एवं दिनेश यादव ने खुशी जताई है।

# हाईस्कूल मर्रामपानी में 15 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

हाईस्कूल मर्रामपानी में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 15 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिंग कल्लो, सरपंच राम गावड़े और शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सोहन उयके ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल वितरित करते हुए कहा कि यह योजना छात्राओं की शिक्षा तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने और उनके आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। छात्राओं और उनके परिजनों ने इस पहल के लिए शासन



और शाला प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। यह योजना न केवल शिक्षा को प्रोत्साहन देती है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सहूलियत भी प्रदान करती है।

## पेज 9 के शेष

### राहुल गांधी और...

सोहन उइके, रामप्रसाद पुंगाटी, तुका पटेल, राजु नायक, नामदेव मरकाम, सतीश जैन, राहुल जाम्बुरकर, मनोज बघेल, नेमचंद दरियों, योगेश कुलदीप, अनिल उइके, शिवन नेताम, गौतम कोटिंगला, प्रवीण सहारे, कैलाश जैन, बीरेंद्र जैन, अमित केमरो, हितेश संघिया, बिसन यादव, मनीलाल सोरी उपस्थित रहे।

### हर ग्राम पंचायत...

या काम हुआ है और उस पर कितना पैसा खर्च किया गया है। यह क्यूआर कोड जमीनी स्तर पर योजनाओं की प्रगति की आसान और रियल-टाइम जानकारी देने का काम करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने कहा मनरेगा लंबे समय से ग्रामीण परिवारों के लिए आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत रहा है, लेकिन अब तक ग्रामीणों की स्वीकृत कार्यों की सत्यापित जानकारी तक पहुंच सीमित थी। यह नई प्रणाली योजना को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और सहभागी बनाएगी।

### ठीक से वाहन...

चलाना चाहिए। जोहन गावडे, घनश्याम गावडे और उनका एक साथी तीनों एक राय होकर गाली देने लगे और मैने गाली देने से मना किया। परंतु उनके द्वारा गाली देते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दिया। तीनों आरोपियों को कहना है कि तुम लोगों को जान से मारकर गाढ़ देंगे बोल रहे थे। बोलेरो चालक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जोहन गावड़े, घनश्याम गावड़े व एक अन्य के खिलाफ धारा 126 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।


### सार्वजनिक स्थान पर...

निवासी जितेन्द्र कुमार देवांगन पिता बाबूलाल देवांगन उम्र 32 वर्ष, रोहित कुमार उसेण्डी पिता कमलेश उम्र 26 वर्ष, जीतू नेताम पिता स्व जोहर नेताम उम्र 35 वर्ष और सोनसाय शोरी पिता स्व. दल्लूराम उम्र 38 वर्ष के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई किया गया है। पृथक से अनावेदकगण के विरूध प्रतिबंधात्मक धारा में इस्तगाशा तैयार किया गया है।

### भाषा की मर्यादा...

प्रधानमंत्री को तू कहकर संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री को देश की जनता ने लगातार तीसरी बार जनादेश देकर इस महत्वपूर्ण पद का दायित्व सौंपा है। अपने देश के विकास और उन्नति पूरा देश देख रहा है। तू-तड़ाक की भाषा का उपयोग करने से पहले राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि वे पहली बार लोकसभा में लीडर ऑफ अपोजिशन बने है, लेकिन अपने भाषणों में जिस तरह के शब्दों का चयन कर रहे हैं। राजनीतिक क्षेत्र में उन शब्दों के प्रयोग की कतई गुंजाइश नहीं है। विधायक ने कहा कि लोकतंत्र में जनता जनार्दन सर्वोपरि होती है और बिहार की जनता निश्चित रूप से इस अभद्रता, अश्लीलता का माकूल जवाब देगी।

## गणपति बप्पा मोरिया.....


दुर्गा चौक में अपने वाहन मुषक के साथ गणपति।


दलपत सागर वार्ड में राधा-कृष्ण के रूप में विराजे गणपति।


न्यू बस स्टैण्ड शांतिनगर में वृहद स्वरूप में गजानन।


गीदम रोड में जटायु पर विराजमान श्रीगणेश।


गंगामुण्डा तालाब के किनारे आकर्षक स्वरूप में विघ्नहर्ता।

### कलेक्टर ने एक ही दिन के भीतर मरम्मत करने के दिए थे निर्देश

# क्षतिग्रस्त गणेश बहार पुल का मरम्मत कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

अति वर्षा के कारण जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पुल-पुलियों जैसी आवागमन से जुड़ी अधोसंरचनाओं को भारी नुकसान पहुंचा था। इनमें

- ग्राम बालपेट के क्षतिग्रस्त पुलिया एवं मांडर नाले के मरम्मतीकरण कार्य में तेजी लाएं

अधिकतर पुल-पुलियों के ध्वस्त होने की घटनाएं दन्तेवाड़ा एवं गीदम विकासखण्ड के अन्तर्गत हुई।

बारसूर नगर पंचायत क्षेत्र में भी पुल-पुलिया भी इससे प्रभावित हुए इनमें गणेश बहार नाला एवं मांडर नाला प्रमुख है। यातायात व्यवस्था को पुनः सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा इन

### लोगों को आवाजाही में हो रही थी दिक्कत



क्षतिग्रस्त पुल-पुलियों का निरीक्षण और इसके वैकल्पिक मरम्मत के लिए लगातार इन क्षेत्रों का मॉनिटरिंग किया जाता रहा। इस संबंध में उन्होंने पीडब्ल्यूडी एवं पीएमजीएसवाय के विभाग प्रमुखों को तात्कालिक मरम्मत कार्य करने के लिए स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए थे ताकि सड़क संपर्क मे किसी भी स्थिति में लंबे समय तक बाधित न हो। इस क्रम में उनके द्वारा दिनांक 30 अगस्त को अपने दौरे में गणेश बहार नाले पुल को पुनर्स्थापित करने हेतु पीडब्ल्यूडी विभाग को 24 घंटे के अंदर कार्य पूर्ण करने कहा था। फलस्वरूप 31 अगस्त तक विभाग द्वारा आवाजाही हेतु वैकल्पिक मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिया गया। जिसका कलेक्टर द्वारा स्थल निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों को क्षतिग्रस्त पुल में पर्याप्त मात्रा में मिट्टी एवं बोल्डर डालकर मजबूती देने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। ताकि भारी वाहन भी सुरक्षित रूप से गुजर सकें।

इसके साथ ही कलेक्टर ने देर शाम तक बारसूर से नारायणपुर जोड़ने वाले मांडर नाले एवं ग्राम बालपेट के क्षतिग्रस्त पुल के निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए इसके भी मरम्मती कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सरकार कुंभकरणी निद्रा में है : तलांडी

**भोपालपटनम।** सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष अशोक तलांडी ने प्रेस के माध्यम से शासन प्रशासन से मांग किया है कि अभी हाल ही में अत्याधिक वर्षा होने से कई नदी नाले उफान के साथ सम्पूर्ण संभाग के बीजापुर जिले के कई गांव प्रभावित होकर जलमग्न हुए काफी जान माल का नुकसान,



खेतों के मेड कटे, फसल बह गया, कई जगह दुपहिया, चार पहिया वाहन बह गई। ऐसे पीड़ितों को शासकीय नौकरी जमीन, आवास बनाए, 1 करोड़ मुआवजा दें तथा किसानों को क्षतिपूर्ति राशि दिया जाए। तलांडी ने आगे कहा कि केवल प्रशासनिक अमला ही पीड़ितों को सहयोग देने नजर आया पर सरकार के नुमाइंदे कुंभकरण की निद्रा में है। आज तक नीचे से नहीं तो उपर से हवाई सर्वेक्षण तक नहीं हुआ भला कैसे सुशासन की सरकार है। छत्तीसगढ़ राज्य के अंतिम छोर बीजापुर जिले के भोपालपटनम चारों राज्यों की सीमा है।

# सुकन्या समृद्धि योजना में पैसे जमा करने के नाम पर गबन चिंताजनक : नीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला मुख्यालय से महज दस किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत संतोषपुर के ग्रामीणों ने वर्ष 2019-20 से वर्ष 2025-26 के मध्य लगातार सुकन्या समृद्धि योजना में अपने बच्चों के नाम पर अपने कमाई व खेती-किसानी से बचाकर हर महीने लगभग एक हजार रुपये से लेकर पांच हजार रुपये तक की धनराशि डाक घर बीजापुर की महिला कर्मचारी कुमारी दिव्या कवर के पास जमा करते थे ताकि वे उन पैसों से अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और उनके शादी में मदद मिल सकें। लेकिन डाक घर बीजापुर की कर्मचारी कुमारी दिव्या काँवर उनके पैसों को उनके खाते में जमा न कर स्वयं के पास रखती थी यह सिलसिला सालों तक चलता रहा इधर ग्रामीण भी सोचते थे कि हमारा पैसा खाते में जमा हो रहा है लेकिन जब ग्रामीण डाक कर्मचारी



दिव्या काँवर से उनके पासबुक माँगे तो वे उन्हें इंट्री कर देती हूँ कह कर टाल-मटोल जवाब देने लगी। कई दिनों तक ये सिलसिला चलता रहा और ग्रामीण महिलाओं ने अपने खाते की जानकारी लेने बीजापुर डाक घर आए तो पता चला कि उनके खाते में पैसे जमा ही नहीं है। ऐसे में उन्होंने डाक घर बीजापुर के प्रमुख से संपर्क कर आपबीती सुनाई तो उन्होंने ग्रामीणों को उच्च अधिकारियों से शिकायत नहीं करने का हवाला देते हुए ग्रामीणों के पैसे वापस दिलाने की बात कही और इसी बीच महिला डाक कर्मचारी दिव्या कांवर का तबादला अन्य जिले में हो गया उसके बाद से आज तक दिव्या काँवर से कोई संपर्क नही हो पा रहा है। जिससे आक्रोशित ग्रामीण क्षेत्र की ज़िला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे से न्याय दिलाने की गुहार लगाई। इस पूरे मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेकर नीना रावतिया उद्दे ने आज ज़िले के कलेक्टर संबित मिश्रा से मुलाक़ात कर समस्या से अवगत कराया और जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की।

# चिंगपाल ग्राम सभा में कई एजेंडों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

मंगलवार को ग्राम पंचायत चिंगपाल के पंचायत भवन में ग्राम सभा का अध्यक्ष दामोदर नाग के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जहां शुरुआत में पूर्व ग्राम सभा के संकल्पों का पालन प्रतिवेदन पंचायत सचिव रामधर कश्यप के द्वारा वाचन किया गया।

ततपश्चात विगत तिमाही के आय वय का अनुमोदन ग्राम सभा के सदस्यों से प्राप्त किया गया। इन कार्यों में मनरेगा के कार्य भी शामिल थे। इनके साथ निर्देशित सभी एंजेडों पर चर्चा की गई। एजेंडा के अन्य विषयों में सामाजिक सहायता से समन्धित पेंशन सामाजिक अंकक्षण आदि शामिल थे। जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए पंचायत द्वारा वितरित खाद्यान एवं उसके लाभान्वितों का नाम



का भी वाचन किया गया। ऐसे जरूरतमंदों में धनाय लिटी का सामने आया। ग्राम सभा में हमारी परम्परा, हमारी विरासत विषय पर भी चर्चा किया गया एवं इनके सरक्षण का संकल्प लिया गया। एचआईवी से सुरक्षा, पीएम सूर्य घर योजना, नलजल आदि विषयों पर चर्चा की गई। जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप पीडी विशेष रूप से उपस्थित थे। जिन्होंने ग्राम सभा के महत्व और ग्राम पंचायत के सफलता पर प्रकाश डाला और कहा की ग्राम पंचायत को सफल करना हैं तो ग्राम सभा को जागरूक होना पड़ेगा।

# दूरस्थ अंचल की शालाओं में एबीईओ ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर के मार्गदर्शन में एबीईओ बस्तर सुशील कुमार तिवारी द्वारा ब्लॉक बस्तर के अंतर्गत संचालित विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल व हायरसेकंडरी शालाओं का लगातार निरीक्षण व मॉनिटरिंग किया जा रहा है। इसी क्रम में उनके द्वारा दूरस्थ अंचल स्थित शालाओं तक पहुंचकर निरीक्षण के साथ शिक्षकों से सतत सम्पर्क कर शिक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त व कसावट लाने प्रयास किये जा रहे है। दूरस्थ अंचल की शाला जहां पहुंच मार्ग तक नहीं है। संकुल मांदलापाल के अंतर्गत प्राथमिक



शाला मारीपारा चेराकुर स्थित है, यहां के दर्ज बच्चे सभी एक्टिव नजर आए। उनके साथ एक्टिविटी के माध्यम से पूछे गए सवालों के जवाब सुनकर अधिकारी द्वारा पारितोषित भी किया गया। यहां पदस्थ दोनों शिक्षक काफी मेहनत कर रहे है। उनकी मेहनत स्पष्ट देखी गई। वही माध्यमिक शाला मांदलापाल के बच्चों का भी शैक्षणिक स्तर सन्तोषप्रद पाया गया। यहां डेली डायरी संधारित की जा रही है, थोड़ी बहुत जो कमियां पाई गई, उसे सुधारने समझाईश दी गई।

## बाबा रामदेव मंदिर में भादवा का मेला धूमधाम से मनाया गया

**गीदम।** जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम में स्थित बाबा रामदेव मंदिर में हर साल की तरह इस बार भी दूज तिथि से लेकर दशमी तिथि तक भादवा मेला बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रसादी वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। दशमी की रात्रि जम्मा जागरण का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें भजन-कीर्तन और धार्मिक गीतों के माध्यम से बाबा रामदेव की महिमा का गुणगान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी व बाबा के भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भक्तों का उत्साह और भक्ति का माहौल पूरे क्षेत्र में देखने लायक था।

**न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर**
**जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ०ग०)**
रा.प्र.क्र./202507140100004/
अ-21(2)/2024-25
ग्राम- भानुप्रतापपुर प.ह.न.-05 भानुप्रतापपुर
**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम भानुप्रतापपुर के आम जनता को इस उद्घोषणा के जरिये प्रकाशन कर सूचित किया जाता है, कि आवेदक हरिओम त्रिवेदी पिता अपूर्व त्रिवेदी, श्रीओम त्रिवेदी पिता अपूर्व त्रिवेदी जाति ब्राम्हण निवासी बालाजी होम छत्तीगढ़ होटल के पीछे तेलीबांधा, रायपुर जिला रायपुर के पास ग्राम भानुप्रतापपुर स्थित अपने भूमिस्वामी, हक की शासन से आबंटित भूमि खसरा नम्बर 116/16 रकबा 0.0810 हेक्टर में से 0.0202 हेक्टर लगान 9847.00 रूपये है, को आवेदकगण अपने स्वयं के व्यवसाय हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण क्रेता श्रीमति छाया जैन पति राहुल छाजेड जाति जैन निवासी सम्बलपुर को 32,50,000.00 (बत्तीस लाख पचास हजार) रूपये में विक्रय करने का सौदा होने पर भूमि के विक्रय अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय कांकेर के समक्ष आवेदन पत्र पेश करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत तथा (6ग) की कंडिका (एक) से (छः) के प्रावधान अनुसार जांच प्रतिवेदनार्थ प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति दिये जाने से किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा, आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेशी तिथि 08/09/2025 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पशचात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 25.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निष्पादित किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार**
**भानुप्रतापपुर**

**न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर**
**जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ०ग०)**
रा.प्र.क्र./202507140100005/
अ-21(2)/2024-25
ग्राम- भानुप्रतापपुर प.ह.न.-05 भानुप्रतापपुर
**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम भानुप्रतापपुर के आम जनता को इस उद्घोषणा के जरिये प्रकाशन कर सूचित किया जाता है, कि आवेदक हरिओम त्रिवेदी पिता अपूर्व त्रिवेदी, श्रीओम त्रिवेदी पिता अपूर्व त्रिवेदी जाति ब्राम्हण निवासी बालाजी होम छत्तीगढ़ होटल के पीछे तेलीबांधा, रायपुर जिला रायपुर के पास ग्राम भानुप्रतापपुर स्थित अपने भूमिस्वामी, हक की शासन से आबंटित भूमि खसरा नम्बर 116/16 रकबा 0.0810 हेक्टर में से 0.0202 हेक्टर लगान 9847.00 रूपये है, को आवेदकगण अपने स्वयं के व्यवसाय हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण क्रेता राहुल छाजेड पिता मांगीलाल छाजेड जाति जैन निवासी सम्बलपुर को 32,50,000.00 (बत्तीस लाख पचास हजार) रूपये में विक्रय करने का सौदा होने पर भूमि के विक्रय अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय कांकेर के समक्ष आवेदन पत्र पेश करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत तथा (6ग) की कंडिका (एक) से (छः) के प्रावधान अनुसार जांच प्रतिवेदनार्थ प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति दिये जाने से किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा, आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेशी तिथि 08/09/2025 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पशचात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 25.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निष्पादित किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार**
**भानुप्रतापपुर**

**न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर**
**जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ०ग०)**
रा.प्र.क्र./202507140100006/
अ-21(2)/2024-25
ग्राम- भानुप्रतापपुर प.ह.न.-05 भानुप्रतापपुर
**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम भानुप्रतापपुर के आम जनता को इस उद्घोषणा के जरिये प्रकाशन कर सूचित किया जाता है, कि आवेदक हरिओम त्रिवेदी पिता अपूर्व त्रिवेदी, श्रीओम त्रिवेदी पिता अपूर्व त्रिवेदी जाति ब्राम्हण निवासी बालाजी होम छत्तीगढ़ होटल के पीछे तेलीबांधा, रायपुर जिला रायपुर के पास ग्राम भानुप्रतापपुर स्थित अपने भूमिस्वामी हक की शासन से आबंटित भूमि खसरा नम्बर 116/16 रकबा 0.081 हेक्टर में से 0.0405 हेक्टर लगान 19693.00 रूपये है, को आवेदकगण अपने को स्वयं के व्यवसाय हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण क्रेता श्रीमति लीला जैन पति मुकेश जैन जाति जैन निवासी सम्बलपुर को 65,00,000.00 (पैसठ लाख) रूपये में विक्रय करने का सौदा होने पर भूमि के विक्रय अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय कांकेर के समक्ष आवेदन पत्र पेश करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत तथा (8ग) की कंडिका (एक) से (छः) के प्रावधान अनुसार जांच प्रतिवेदनार्थ प्रकरण प्राप्त हुआ है ।

अतः उक्त आवेदित भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति दिये जाने से किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा, आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेशी तिथि 08/09/2025 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पशचात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 25.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निष्पादित किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार**
**भानुप्रतापपुर**

## शहर में गणेशोत्सव की धूम


बस्तरिया बैक बेन्चर्स द्वारा चौपाटी में गणेशोत्व।


दंतेश्वरी मंदिर के समक्ष हनुमान जी के रूप में परम पुज्य गणेश।


पंचपथ चौक में गणेश जी के साथ पुरी के जगन्नाथ के भी हो रहे दर्शन।


पावर हाउस चौक के पास युवाओं द्वारा स्थापित गणेश प्रतिमा।


नयापारा में चतुरभुज गणपति के दर्शन को पहुंच रहे श्रद्धालु।

## खबर संक्षेप



### गणपति की महाआरती के किया गया भंडारा

**कांकेर।** शीतलापारा में स्थित श्री श्री जय शीतला माँ गणेशोत्सव समिति शीतलापारा में विनायकी अवतार गणपति की 31 अगस्त को 108 दीप महाआरती एवं 112 भोग एवं भंडारा किया गया। भक्तों में माहौल उत्साहपूर्ण देखने को मिला। इस अवसर पर समिति के कार्यकर्ता आकाश सोनी, विशाल सोनी, आदित्य सिंह, राजा ठाकुर, पार्थ ठाकुर, करण राजपूत, प्रतीक ठाकुर, आशीष बिछिया, विनय रजक , ओम ठाकुर और मोहल्लेवासी का योगदान रहा।

### नवजोत मां दुर्गोत्सव समिति का गठन , दीपक अध्यक्ष



**दुर्गूकोंदल।** शिवमंदिर प्रांगण में सार्वजनिक नवजोत मां दुर्गोत्सव समिति दुर्गूकोंदल की बैठक हुई जिसमें समिति का गठन किया गया। समिति अध्यक्ष दीपक जैन, उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन, रंजन दुग्गा, सचिव शंकर नागवंशी, सहसचिव मुकेश राणा, कोषाध्यक्ष गैन्दलाल लावत्रे, सहकोषाध्यक्ष प्रणय पारख को बनाया गया। सरंक्षक सदस्य और कार्यकारिणी सदस्य का भी चयन किया गया।

### घायल की अस्पताल में मौत विवेचना में जुटी पुलिस

**कांकेर।** मध्यप्रदेश के व्यावरा निवासी 27 निवासी राधेश्याम प्रजाति का इलाज के दौरान मौत हो गया। जिला अस्पताल रायपुर के वार्ड बॉय ने कांकेर पुलिस को अस्पताल मेमो पेश कर बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### यातायात जवान का किया गया सम्मान



**कांकेर ।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कार्यालय कांकेर द्वारा भारतीय जीवन बीमा के 69 वर्ष पूर्ण होने पर 01 सितम्बर को बीमा सप्ताह के उपलक्ष्य में कांकेर यातायात जवान को पुष्प गुच्छ, टोपी, चश्मा एवं मिष्ठान देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी मनोज सिंह एवं राजेश सिंह तथा उच्च श्रेणी सहायक टीडी कश्यप एवं सहायक शशांक यदु उपस्थित रहे।

आयोजन : कलेक्टोरेट में समयसीमा की बैठक

# रजत जयंती वर्षः विभागों को सौंपे गए दायित्वों की कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर



समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में 2 सितंबर को आयोजित हुई, विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा किया गया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने पीएम पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन पोर्टल सहित कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही जेम पोर्टल एवं ई-ऑफिस के ऑनबोर्डिंग कार्य को प्रभावी ढंग से प्रत्येक कार्यालय में लागू करने पर बल दिया।

उन्होंने एलडब्ल्यूई सर्वेक्षण एवं सामाजिक अंकेक्षण के कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने पीडीएस एवं आंगनबाड़ी भवनों के लंबित निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा नए स्वीकृत भवनों का कार्य प्रारंभ करने पर जोर दिया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास 2.0 चेकर वेरिफिकेशन, विशेष परियोजनाओं एवं पीएम जनमन योजना के आवासों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पोषण पुनर्वास केन्द्र, राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम एवं विशेष केन्द्रीय सहायता मद सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा किया और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अधिकारियों से अपने निजी आवासों में सोलर रूफटॉप स्थापित करने तथा अधीनस्थ कर्मचारियों को भी इसे लगाने प्रेरित करने के निर्देश दिये। साथ ही कार्यपालन अभियंता विद्युत को योजना के सतत प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया। बैठक में उन्होंने रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत विभागों को सौंपे गए दायित्वों की भी समीक्षा करते हुए शासन के निर्देशों के अनुरूप गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर डीएफओ हेमचंद पहारे, अपर कलेक्टर सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और जिला स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कर्मियों ने सरकार को सद्बुद्धि देने हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ कर किया हवन-यज्ञ



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

■ आंदोलन का 16 वां दिन

मिनी स्टेडियम कांकेर में2 सितंबर को एनएचएम संविदा साथी लैब टेक्नीशियन कोरबा का आकस्मिक निधन होने पर 2 मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि दी ।एनएचएम कर्मचारियों के द्वारा राष्ट्रगान एवं राज त गाकर हड़ताल की आगाज किया। इसके साथ ही सरकार से अपनी मांगें मनवाने मंगलवार को हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ कर हवन यज्ञ का अनुष्ठान किया तथा संविदा प्रथा की पूर्णाहुति दी। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। आंदोलन के 16 वां दिन मंगलवार को कांकेर में कर्मचारियों ने सरकार को सदबुद्धि देने के लिए हवन-यज्ञ किया गया। मंत्रोच्चारण और अग्निहोत्र के बीच कर्मचारियों ने अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए सरकार से मांगों को पूरा करने की मांग किया। विधानसभा चुनाव 2023 में भारतीय जनता पार्टी ने मोदी की गारंटी का नारा देते हुए अपना घोषणा पत्र बनाया, जिसमें एनएचएम के कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का वादा किया गया है।

### 175 से ज्यादा आवेदन दिए गए, पर सुनवाई नहीं

इस सरकार के कार्यकाल में 175 से अधिक ज्ञापन देने के पश्चात कोई सुनवाई न होने पर विवश होकर प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन को और अधिक तेज कर दिया हैं।

# पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त होने पर समारोह आयोजित कर दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज में पुलिस उप महानिरीक्षक आईपीएस शंकर लाल बघेल, सहायक सेनानी अमर सिंह कुर्रे, रमेश येरेवार एवं कॉलेज के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीयों के द्वारा विदाई समारोह आयोजित कर मोहन सिंह कौशल को विदाई दिया एवं प्रशस्ति पत्र एवं प्रतिक चिन्ह प्रदान किया गया। समस्त कॉलेज परिवार के द्वारा मोहन सिंह कौशल के सेवाकाल में किए गए साहसिक व अद्वितीय कार्य की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य व स्वस्थ जिवन की मंगल कामना की गई।

मोहन सिंह कौशल सीटीजे डब्ल्यू कॉलेज में प्लाटून कमांडर के पद पर वर्ष 2012 में पदस्थ हुए और इकाई के हार्स स्कॉट, प्रशासन शाखा और एमटी शाखा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर उत्कृष्ट और उल्लेखनीय कार्य किया। आज अपनी सेवा की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर इस इकाई से सेवानिवृत्त हुए है। मोहन सिंह का जन्म वर्ष 1963 में कोबा जिला बालोद में हुआ था।

वर्ष 1994 में ये मध्य प्रदेश विशेष सशस्त्र बल में आरक्षक के पद पर भर्ती होकर अपनी सेवा लक्ष्यद्विप, सुकमा, दंतेवाड़ा, ओरछा, गोलापल्ली, रामानुजगंज आदि नक्सली क्षेत्रों में करके साहसिक एवं उत्कृष्ठ कार्य किया, जिसके फलस्वरूप राष्ट्रपति द्वारा उन्हे पुलिस पदक से सम्मानित किया गया और समय-समय पर सेवाकाल के दौरान उनका विभागीय प्रमोशन प्रधान आरक्षक के पद पर 1999 में, असिस्टेंट प्लाटून कमांडर के पद पर 2008 में, प्लाटून कमांडर के पद पर 2012 में और कंपनी कमांडर के पद पर 2019 में प्रमोशन हुआ।

### पत्रकारों को धमकाने के मामले में एसपी ने दिया एफआईआर करने का आदेश

**पखांजुर।** परलकोट संयुक्त पत्रकार संघ और कांकेर प्रेस क्लब के सदस्यों ने कांकेर एसपी से मुलाकात कर पखांजुर में पत्रकारों को धमकी देने और परेशान करने के दो अलग-अलग मामलों में जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। पत्रकारों ने एसपी को बताया कि उनके दो पत्रकार साथियों को लगातार परेशान किया जा रहा है। एसपी आईके ऐलेसिला से मुलाकात कर पत्रकारों ने बताया कि उनके साथी धनंजय चंद को बप्पा देवनाथ ने जान से मरवाने एवं उनके दुकान में आग लगाने के इरादे से 10 से 12 लोगों को भड़काकर भेजा गया था और शंकर बहादुर ने फोन पर जान से मारने की धमकी दिया है। इसके अलावा एक और पत्रकार साथी बलाई बोस को परलकोट कृषि आदान विक्रेता संघ के अध्यक्ष असीम पाल ने फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पत्रकार संघ ने इन सभी घटनाओं पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए एसपी से मिलकर तुरंत कार्रवाई की मांग किया। शिकायत को सुनने के बाद एसपी ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल प्रभाव से पखांजुर के थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट को इन दोनों मामलों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ जल्द से जल्द एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। पत्रकार संघों का कहना है कि पत्रकारों को स्वतंत्र रूप से अपना काम करने देने के लिए इस तरह की धमकियों और गुंडागर्दी पर रोक लगाना बहुत जरूरी है।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हरनगढ़ में नवीन प्राचार्य का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पखांजूर



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हरनगढ़ में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नवनियुक्त प्राचार्य कविंद्र सेन का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस विशेष अवसर पर शाला प्रबंधन समिति एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने मिलकर नए प्राचार्य का स्वागत किया और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। समारोह की शुरुआत में विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने फूलों की वर्षा कर और उपहार भेंट कर प्राचार्य सेन का स्वागत किया। विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल था और बच्चों में नए प्राचार्य के आगमन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। उनके आने से पूरे विद्यालय में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। प्राचार्य कविंद्र सेन ने सभी का आभार व्यक्त किया और विद्यालय के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा मेरा प्राथमिक लक्ष्य विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे विद्यार्थियों को न केवल सर्वश्रेष्ठ शिक्षा मिले, बल्कि उनका सर्वांगीण विकास भी हो, ताकि वे भविष्य में देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन और कड़ी मेहनत पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने कहा कि प्राचार्य के रूप में उनका अनुभव और दूरदर्शिता विद्यालय के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। यह स्वागत समारोह एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है, जिसमें सभी को विद्यालय के शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास की अपार संभावनाएं नजर आ रही हैं।

कार्यक्रम में श्यामल कुमार देवनाथ, कल्पना नेगी, अजितेश अधिकारी, दीपशिखा साहू, कंचन धनगर, मनोज कुमार मंडल, निर्मल गाइन, सुष्मिता देवनाथ, दिलेश्वरी नेताम, रूप दे, गीता देवांगन आदि शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

# गायक मुकेश की पुण्यतिथि पर याद कर गीतकारों ने दी प्रस्तुति



**कांकेर।** महान गायक मुकेश कुमार के पुण्यतिथि के अवसर पर संगीत एक सफर ग्रुप के द्वारा एक शाम मुकेश के नाम संगीत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगीतकार विजय राव, अध्यक्षता यशवन्त राव एवं विशेष अतिथि देवेन्द्र कछवाहा एवं मोईना नवाब की उपस्थिति में सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं संगीतकार मुकेश कुमार के छायाचित्र पर दीपक प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों ने संगीत एक सफर ग्रुप की सराहना करते हुए कहा कि आज के माहौल एवं तनाव भरे जीवन में संगीत का बड़ा महत्व है एवं इसी प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए। इसी कड़ी में मुकेश के गाए हुए गीतों को गाते हुए सभी सदस्यों ने अपनी प्रस्तुति दी, जिसमें शिव नारायण कुलदीप, फिरोज बख्श, आबिद अली, अभिषेक कछवाहा, प्रशांत ठाकुरज्ञानेश्वर गिरी, आकाश राव ने प्रस्तुति दी गई। मंच का संचालन सतीश केशरवानी एवं आकाश राव के द्वा किया गया। इस संगीतमय आयोजन को सफल बनाने के लिए ग्रुप के सभी सदस्य शामिल रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर दौड़ एवं कबड्डी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**कांकेर।** मेरा युवा भारत कांकेर माय भारत के तत्वाधान में शासकीय हाईस्कूल भैंसमुंडी गागरू में राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौड़ प्रतियोगिता और कबड्डी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दौड़ प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, जिसमें प्रथम स्थान छात्रा वेदिका सलाम एवं छात्र राहुल साहू रहे। इस अवसर पर छात्रों ने कबड्डी प्रतियोगिता भी किया और खेल के महत्व को समझा। शासकीय हाईस्कूल भैंसमुंडी गागरू के प्राचार्य राधिका ध्रुव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारी जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। मेरा युवा भारत के सदस्यों ने भी छात्रों को खेल के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में खेल के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाना था। छात्रों ने इस कार्यक्रम से बहुत कुछ सीखा और खेल के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझा। कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल नाग व्याख्याता, शिवकुमार ध्रुव व्याख्याता, बिसाऊ नेताम व्याख्याता, वेदप्रकाश सोनी व्याख्याता, गामेशवर शोरी व्याख्याता, अंकिता साहू, दामिनी साहू का सहयोग प्राप्त हुआ।

# भानुप्रतापपुर महाविद्यालय के खिलाड़ियों को दी कबड्डी मेट



**दुर्गूकोंदल।** विधायक सावित्री मंडावी की मांग पर श्री बजरंग आयरन माइंस प्रबंधन ने भानुप्रतापपुर महाविद्यालय के खिलाड़ी को कबड्डी मेट का वितरण किया गया। वितरण के दौरान वीरेंद्र ठाकुर, मौहान मंडावी, सुनील बबला पाढ़ी, विजय धमेचा, हितेश तिवारी, केसी घोषाल, रवि तिवारी, अतुल जैन, प्रोफेसर नसीम मंसुरी, रितेश नाग, सुषमा चालकी के अलावा महाविद्यालय के अन्य अध्यापकगण व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### इलाज के दौरान अस्पताल में मौत, हुआ मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत हाटकोंगेरा निवासी 29 वर्षीय जयकिशन कुंजाम की इलाज के दौरान 24 मई को रायपुर के जिला अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को इलाज के लिए भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### भगवान बलराम के प्राकट्य दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**भानुप्रतापपुर।** भारतीय किसान संघ के अंतर्गत ग्राम चवेला तहसील भानुप्रतापपुर में जिला किसान संघ के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार नागेश एवं ग्राम किसान समिति के अध्यक्ष के सानिध्य में भगवान बलराम के प्राकट्य दिवस के अवसर पर ग्रामीण इकाई के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि संबंधित नए नए वैज्ञानिक पद्धति, नए नए कृषि उपराणों के उपयोग करने की परामर्श दिया गया। किसानों को शासन द्वारा समय समय पर दिए जाने वाले शासकीय सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

# धूमधाम से मना ठाकुर जोहारानी पर्व, किया पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सरोना




सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम चिहारीपारा में परंपरागत आदिवासी पर्व ठाकुर जोहारानी इस वर्ष भी पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। गांव के प्रत्येक घर-परिवार और ग्रामीण जन ने मिलकर इस पर्व को सामूहिक रूप से मनाया। परंपरा के अनुसार सबसे पहले ग्राम के गांयत राजाराम नेताम ठाकुर के घर में पूजा-अर्चना की गई, इसके बाद क्रमशः भारत सिंह शोरी ठाकुर और ऊपसु कुंजाम ठाकुर के घर में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। अंत में पूरे गांव के साथ मिलकर मंडावी मरई ठाकुर परिवार के घर पर ठाकुर जोहारानी पर्व का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। गांव की गलियां इस अवसर पर उत्साह और भक्ति से सराबोर हो गईं। ढोल-नगाड़ों की थाप और पारंपरिक गीतों की गूंज ने वातावरण को और भी आनंदमय बना दिया। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजधजकर शामिल हुईं और बच्चों में भी इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। अंत में पूरे आयोजन में विशेष भूमिका निभाई मंडावी मरई ठाकुर परिवार के पुजारी सुरज मंडावी ने अपने घर में विधि-विधान पूर्वक पूजा कर सभी ग्रामवासियों के सुख-समृद्धि और गांव के मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर गांयता राजाराम नेताम, फुलचंद कुंजाम, उपसु कुंजाम, मगलराम मंडावी, धर्म सिंह मंडावी, सुबेसिंह कुंजाम, सिताराम नेताम, भारासिंह शोरी, अजवन शोरी, देवचंद नेताम, पिलेसिंह टेकाम, ऋषभ कुंजाम, योगेश कुंजाम, रोशन शैलेश नेताम, दिपेश शोरी, सौरभ, शुभम शोरी, कमल मंडावी, शिवम मंडावी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### आदिवासी समाज ने धूमधाम से मनाया ठाकुर जोहरानी पर्व



**भानुप्रतापपुर।** आदिवासियों का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार नवाखानी जो कि प्राचीन परंपरा अनुसार चलता आ रहा है। भानुप्रतापपुर क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। समाज के सभी लोगों ने अपने ईस्ट देव बूढ़ादेव को नई फसल अर्पण कर साजा वृक्ष या कोरिया पौधे के पत्ते में नया चावल की खीर का भोग चढ़ाया। अच्छी फसल व गांव के खुशहाली की कामना की। नवाखानी के दूसरे दिन ठाकुर जोहरनी का पर्व होता है। इस दिन गांव के सभी लोग एक जगह इक्कठा होकर गांव के मुखिया के घर ठाकुर जोहारनी का पर्व मनाते हैं। ग्राम मुल्ला में भी ठाकुर जोहरानी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य विष्णु कचलाम ने सभी सदस्यों को ठाकुर जोहरानी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि नुआखाई का पर्व शांतिपूर्वक व भाईचारे से मनाएं व गांव समाज व अंचल में मानवता का संदेश दे। नशापान से दूर रहकर अपनी संस्कृति को बरकरार रखें। इस अवसर पर ग्राम पटेल गिरधारी तारम, फूल सिंह तारम, गायता राधेश्याम, ग्राम सरपंच तुमन मांडवी व समाज के सभी सदस्य मौजूद रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411